छत्तीसगढ़ विधान सभा

पत्रक भाग - एक

संक्षिप्त कार्य विवरण

पंचम विधान सभा दवादश सत्र अंक-01

रायपुर, सोमवार, दिनांक 13 दिसम्बर, 2021

(अग्रहायण 22, शक संवत् 1943)

विधान सभा पूर्वाहन 11.00 बजे समवेत हुई।

(अध्यक्ष महोदय (डॉ.चरणदास महंत) पीठासीन हुए।)

1. राष्ट्रगीत/राज्यगीत

राष्ट्रगीत **"वन्दे मातरम्"** एवं राज्यगीत "**अरपा पइरी के धार**" का गायन किया गया ।

2. जन्म दिवस की बधाई

माननीय अध्यक्ष को जन्मदिवस के अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री, मंत्रीगण, नेता प्रतिपक्ष एवं माननीय सदस्यों द्वारा शुभकामनाएं और बधाई दी गई।

माननीय अध्यक्ष ने सदस्यों की ओर से दी गई शुभकामनाओं, स्नेह और आशीर्वाद के लिए आभार व्यक्त किया।

3. निधन का उल्लेख

माननीय अध्यक्ष ने श्री देवव्रत सिंह, सदस्य, छत्तीसगढ़ विधान सभा, श्री गोदिल प्रसाद अनुरागी, पूर्व सांसद, लोक सभा, श्री रजिन्दर पाल सिंह भाटिया, पूर्व राज्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन, श्री युद्धवीर सिंह जूदेव, पूर्व संसदीय सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, श्री मूलचंद खण्डेलवाल, पूर्व राज्यमंत्री अविभाजित मध्यप्रदेश शासन, श्री मनुराम कच्छ, पूर्व सदस्य, अविभाजित

मध्यप्रदेश विधान सभा एवं दिनांक 8 दिसम्बर, 2021 को वायुसेना के हेलीकॉप्टर दुर्घटना में दिवंगतों के निधन पर शोकोद्‌गार व्यक्त किये।

श्री भूपेश बघेल, मुख्यमंत्री, श्री धरमलाल कौशिक, नेता प्रतिपक्ष, सदस्य-श्री मोहन मरकाम, डॉ. रेणु अजीत जोगी, सर्वश्री केशव प्रसाद चंद्रा, शैलेष पाण्डेय, अजय चन्द्राकर, प्रमोद कुमार शर्मा, अरूण वोरा, डॉ.रमन सिंह, श्री मोहम्मद अकबर, वन मंत्री, श्री टी.एस. सिंहदेव, पंचायत मंत्री एवं श्री पुन्नूलाल मोहले, सदस्य ने भी शोकोद्‌गार व्यक्त किए ।

सदन द्‌वारा दो मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी गई एवं शोक संतप्त परिवारों के लिये संवेदना प्रकट की गई ।

दिवंगतों के सम्मान में विधान सभा की कार्यवाही अपराह्न 12.17 बजे, मंगलवार, दिनांक 14 दिसम्बर, 2021 (अग्रहायण 23, शक संवत् 1943) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई ।

चन्द्र शेखर गंगराड़े
प्रमुख सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा